>

Title: Need to change the name of Vidyapati Nagar railway station in Samastipur district of Bihar as `Vidyapati Dham' railway station.

प्रो. अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के अन्तर्गत विद्यापति नगर हाजीपुर-बरौनी खंड पर रेलवे का एक छोटा सा स्टेशन है। मिथिलाकोकिल महाकवि विद्यापति को यहीं निर्माण प्राप्त हुआ था। इससे इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व है। किवदन्ती है कि पतितपावनी गंगा को भी मृत्यु शैय्या पर पड़े विद्यापाति को गंगा लाभ देने के लिए आना पड़ा था। मऊ-बाजिदपुर-दरभंगा रेलवे लाइन भारत में बनी सबसे पुरानी दूसरी लाइन है। महाकवि की यादगार में एक शिवालय भी बना है। कुछ दिनों पहले बाजिदपुर का नाम बदल कर विद्यापति नगर रेलवे स्टेशन कर दिया गया, किन्तु लोगों की मांग है कि इसका नाम 'विद्यापति धाम' होना चाहिए। इस संबंध में पहले काफी लिखा-पढ़ी हो चुकी है। रेलवे का जवाब है कि इस प्रकार का प्रस्ताव बिहार सरकार से आना चाहिए। यदि रेलवे बिहार सरकार के मंत्रियों की अनुशंसा से सन्तुष्ट नहीं है, तो वह प्रस्ताव बिहार सरकार के पास टिप्पणी के लिए भेज दे। मेरी मांग है कि बिहार सरकार का मन्तव्य लेकर शीघ्र इस स्टेशन का नाम विद्यापति नगर से बदल कर विद्यापति धाम कर दिया जाए।